रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 151] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 30, 2012/चैत्र 10, 1934

No. 151] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 30, 2012/CHAITRA 10, 1934

विद्युत मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 मार्च, 2012

सा.का.नि. 269(अ).—केन्द्रीय सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 14क और धारा 14ख की उपधारा (i) धारा 14 के खंड (छ) और (ण) के साथ पठित धारा 56 के खंडों (च), (छ), (ट), (ठ.क) और (ठ.क.क.) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात: -

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ:-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम ऊर्जा संरक्षण अभिहित उपभोक्ताओं के लिए (ऊर्जा खपत सन्नियम और मानक, प्ररूप, समय, जिसके भीतर तैयार करने की रीति और कार्यान्वयन करना, ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया और खपत की गई ऊर्जा के समतुल्य प्रति मीटरी टन तेल का मूल्य) नियम, 2012 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं** – (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) अधिनियम से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 अभिप्रेत है ;

(ख) "आधार रेखा वर्ष" से वह वर्ष अभिप्रेत है जिसमें ऊर्जा खपत के आधार स्तर को क्रमश: नियम 4 और नियम 6 के अधीन ऊर्जा खपत प्रतिमान और मानकों के

अनुपालन के संबंध में स्थापना और निष्पादन के मूल्यांकन के लिए संदर्भ बिंदु के रूप में प्रयोग किया गया है।

(ग) "प्रमाणन" प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षक द्वारा सत्यापन रिपोर्ट अथवा जांच-सत्यापन रिपोर्ट की इस आशय की प्रमाणन प्रक्रिया अभिप्रेत है कि लक्ष्य वर्ष के दौरान अभिहित उपभोक्ता द्वारा ऊर्जा खपत सन्नियम और मानकों के अनुपालन के संबंध में ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र की पात्रता अथवा आवश्यकता का यथार्थ परिमाणीकृत है।

(घ) "जांच-सत्यापन" से तीन वर्षों के चक्र में किसी वर्ष में प्राप्त ऊर्जा खपत प्रतिमानों और मानकों का प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षक के माध्यम से ब्यूरो द्वारा स्वतंत्र समीक्षा और कार्योत्तर निर्धारण अभिप्रेत है, जो ऊर्जा खपत के सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के संबंध में अभिहित उपभोक्ता द्वारा हाथ में लिए गए कार्यकलापों के परिणामस्वरूप किया गया है।

(ड.) "चक्र" से ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के लिए किसी अभिहित उपभोक्ता को उपलब्ध तीन वर्षों की अवधि अभिप्रेत है।

(च) "ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों" से धारा 14 के खंड (छ) के अधीन अधिसूचित विनिर्दिष्ट वर्ष के लिए अभिहित उपभोक्ताओं की विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत अभिप्रेत है।

(छ) "प्ररूप" से इन नियमों से अनुबद्ध प्ररूप अभिप्रेत है ;

(ज) "नियम 2007" से सा0का0नि0 संख्या 174(अ) तारीख 2 मार्च, 2007 के अधीन राजपत्र मे अधिसूचित ऊर्जा संरक्षण (अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा ऊर्जा खपत की प्रस्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का प्ररूप और रीति) नियम, 2007 अभिप्रेत है

(झ) "नियम 2008" से सा0का0नि0 संख्या 486 (अ) तारीख 26 जून, 2008 के अधीन राजपत्र मे अधिसूचित ऊर्जा संरक्षण (खपत की गई ऊर्जा के संबंध में सूचना प्रस्तुत करने के प्ररूप और रीति और समय तथा प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षक की संस्तुतियों पर की गई कार्रवाई) नियम, 2008 अभिप्रेत है।

(ञ) "अनुसूची" से इन नियमों से उपबंध अनुसूची से अभिप्रेत है।

(ट) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है।

(ठ) "विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत" से निम्नलिखित सूत्र के अनुसार परिकलित अभिहित उपभोक्ता की सीमा निर्यातित उत्पादन की कुल मात्रा का अभिहित उपभोक्ता की सीमा में शुद्ध (नेट) ऊर्जा आदान के अनुपात अभिप्रेत है :-

विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत = अभिहित उपभोक्ता सीमा में शुद्ध ऊर्जा आदान

अभिहित उपभोक्ता सीमा से निर्यातित उत्पादन कुल मात्रा तथा उत्पाद की प्रति यूनिट समतुल्य मीटरी टन तेल के रूप में अभिव्यक्त

(ड) "लक्ष्य वर्ष" से वर्ष अभिप्रेत है जब कोई अभिहित उपभोक्ता ऊर्जा खपत के सन्नियमों और मानकों के साथ अनुपालन प्राप्त कर लेता है।

(ढ) "सत्यापन" से आधार रेखा वर्ष में ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों की तुलना में लक्ष्य वर्ष में ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के लिए अभिहित उपभोक्ता द्वारा शुरू की गई गतिविधियों का प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा पूर्ण और स्वतंत्र मूल्यांकन और तत्पश्चात ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र की पात्रता अथवा आवश्यकता अभिप्रेत है।

(ण) "वर्ष" से अप्रैल का प्रथम दिन से आरम्भ होकर आगामी 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे, जो उस अधिनियम में हैं।

3. **ऊर्जा खपत सन्नियम और मानक स्थापित करना** :-

(1) केन्द्रीय सरकार, ब्यूरो के परामर्श से, धारा 14 के खंड (छ) के अधीन यथा अधिसूचित अभिहित उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा खपत के सन्नियमों और मानकों को स्थापित, संशोधन अथवा विखंडन करेगी।

(2) ऊर्जा खपत सन्नियम और मानक प्रत्येक अभिहित उपभोक्ता के लिए विनिर्दिष्ट होंगे और उनका अवधारण निम्नानुसार होगा :-

(क) जहां अभिहित उपभोक्ता के संयंत्र की लेखासंपरीक्षा पूरी हो चुकी है, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (ऊर्जा संपरीक्षा करने के लिए रीति और समय अंतराल) विनियम, 2010 के विनियम 4 और 5 के अधीन संयंत्र के ऊर्जा प्रबंधक के परामर्श से ऊर्जा बचत उपायों और उनकी कार्यवाई के लिए कार्य योजना को अन्तिम रूप दे दिया गया है, नियम 2008 के अधीन ऊर्जा खपत सन्नियम और मानक पर आधारित प्ररूप 2 और प्ररूप 3 के समय पर प्रस्तुत करने होंगे।

(ख) जहां अभिहित उपभोक्ता की लेखा संपरीक्षा पूरी नहीं की गई है अथवा नहीं की गई है, ऊर्जा खपत सन्नियम और मानक निम्नलिखित कारकों को ध्यान में रखकर अवधारित किए जाएंगे, अर्थात:-

(i) अंतिम तीन वर्षों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर अवधारित सभी अभिहित सेक्टरों में विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत में औसत कमी की दर :

(ii) ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र जारी करके प्रदत्त प्रोत्साहन को ध्यान में रखते हुए कमी की औसत दर से अधिक कुछ प्रतिशतता बिन्दुओं के विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत को कम करने के लक्ष्य को रखते हुए नीतिगत उद्देश्य।

(3) जहां उपनियम (2) के खंड (क) अथवा खंड (ख) के अनुसार ऊर्जा खपत सन्नियम और मानक अवधारित किए गए हैं, उक्त पद्धति की धारा 14 के खंड (छ) के अधीन अधिसूचित ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के प्रारम्भ होने के पश्चात पुनर्विलोकन नहीं होगा।

(4) अभिहित उपभोक्ता धारा 14 के खंड (छ) के अधीन यथा अधिसूचित ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों की अनुपालन उक्त अधिसूचना के प्रारम्भ की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के अधीन प्राप्त करेंगे।

4. **ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों की स्थापना के लिए प्रक्रिया,**

(1) ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों की स्थापना के प्रयोजन के लिए, ब्यूरो द्वारा स्थापित तकनीकी समिति –

(क) आधार वर्ष में विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत और अभिहित उपभोक्ताओं की और सीमा के भीतर के आधार पर संगत चक्र से अधिक उत्पाद सीमा में जा रही शुद्ध ऊर्जा के विभिन्न प्ररूपों को समाविष्ट करते हुए लक्ष्य वर्ष में परिलक्ष्य विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत की गणना करेगी।

(ख) संयंत्र में शुद्ध ऊर्जा निवेश की गणना में –

(i) किसी एकल इकाई में ऊर्जा स्रोतों के सभी प्ररूपों कैलोरी मूल्यों में संपरिवर्तन, अर्थात भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का0का0 394 (अ) तारीख 12 मार्च, 2007 में विनिर्दिष्ट संपरिवर्तन सूत्र का प्रयोग करते हुए समकक्ष मीटरी टन तेल ;

(ii) ऊर्जा के सभी प्ररूपों अर्थात विद्युत, ठोस ईंधन, द्रव ईंधन, गैसीय ईंधन, अथवा उत्पादन के लिए ऊर्जा के रूप में खपत के लिए संयंत्र में आयातित ऊर्जा के किसी अन्य प्ररूप को ध्यान में रखना ;

(iii) संयंत्र से संलग्न कॉलोनी में खपत की गई ऊर्जा को अस्थायी अथवा प्रमुख निर्माण कार्य, और बाहरी परिवहन प्रणाली के लिए अथवा ग्रिड से न जुड़े हुए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से खपत की गई ऊर्जा को हिसाब में न लेना;

(iv) अभिहित उपभोक्ताओं की सीमा से बाहर निर्यात की गई ऊर्जा को हिसाब में लेना;

(v) यदि किसी अभिहित उपभोक्ता के पास उपभोग की गई ऊर्जा के असंकलित आंकड़े नहीं है, तो आधार वर्ष और लक्ष्य वर्ष दोनों गणना के लिए शुद्ध खपत की गई ऊर्जा पर विचार करेगा;

परंतु उक्त अभिहित उपभोक्ता पर्याप्त कारण देगा कि कॉलोनी, अस्थायी अथवा प्रमुख निर्माण कार्य में खपत की गई ऊर्जा के लिए समायोजन करना साध्य नहीं था;

परंतु यह और ऐसे अभिहित उपभोक्ता को यह सुनिश्चित करने की ऊर्जा खपत के लिए आकड़ों को असंकलित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करनी होगी कि उत्पादन के लिए उपभोग की गई वास्तविक ऊर्जा पर अगले चक्र में विचार किया गया है;

(vi) जहां एक से अधिक उत्पाद का उत्पादन किया जाता है, तो प्रमुख उत्पाद अथवा सम्बन्धित अभिहित उपभोक्ता सैक्टर में प्रचलित मानक व्यवहार के अनुसार उत्पाद सम्मिश्र से उत्पादित समतुल्य उत्पाद का चयन करना होगा ;

परंतु जहां उक्त प्रमुख उत्पाद का उत्पादन बंद कर दिया जाता है, अभिहित उपभोक्ता इस संबंध में ब्यूरो का और संबंधित राज्य अभिहित अभिकरण को आवश्यक ब्यौरों की सूचना देगा ;

(ग) आधार वर्ष के अतिरिक्त लक्ष्य वर्ष के लिए विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत की गणना करना और क्षमता उपयोग, ग्रिड और आबद्ध विद्युत का समिश्र तथा अन्य कोई कारण, जो अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए अनुसार ऊर्जा खपत को प्रभावित करता हो, को ध्यान में रखते हुए इसे प्रसामान्य करना ;

(घ) नियम 2007 के अधीन अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए और नियम 2008 के अधीन यदि सत्यापित हों, आंकड़ों को उपयोग करके पूर्ववर्ती तीन वर्षों के वर्ष-वार आंकड़ों का सत्यपन द्वारा आधार वर्ष में वार्षिक विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत की गणना करना,

(ड.) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के लिए विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत पर क्षमता उपयोग और अन्य कारक, यदि कोई हों, के प्रभाव की गणना करना ;

(च) प्रथम चक्र में और पश्चातवर्ती चक्रों में पूर्ववर्ती तीन वर्षों के औसत द्वारा आधार वर्ष में विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत, उत्पादन, क्षमता उपयोग की गणना करने के लिए नियम 14 के उपबंध लागू होंगे ;

(छ) निम्नलिखित कारकों के मुद्दे लक्ष्य वर्ष में क्षमता उपयोग पर प्रभाव अथवा संयंत्र भार कारक अथवा औसत ऊर्जा खपत को ध्यान में रखा जाएगा, अर्थात:-

(i) प्राकृतिक आपदा ; अथवा

(ii) दंगे अथवा सामाजिक अशांति ; अथवा

(iii) सरकारी नीति में प्रमुख परिवर्तन जिसके अंतर्गत पर्यावरणीय मानक भी हैं ; अथवा

(iv) पूर्ववर्ती तीन वर्षों में कोई बाजार का प्रभाव (कच्चे माल अथवा बिक्री में कमी)

(2) उक्त तकनीकी समिति एक रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसमें निर्दिष्ट अभिहित उपभोक्ताओं के साथ विचार विमर्श करके नियम 3 के उप नियम 2 में पद्धति के आधार पर तैयार करेगी, और इस रिपोर्ट को ब्यूरो को प्रस्तुत करेगी।

(3) ब्यूरो, उपनियम (2) के अधीन प्रस्तुत रिपोर्ट का परीक्षण करेगा और प्रत्येक अभिहित उपभोक्ता के लिए ऊर्जा खपत के सन्नियमों और मानकों के बारे में, अपनी सिफारिश सहित, अपनी रिपोर्ट को अन्तिम रूप देगा।

(4) ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों को तैयार करने के लिए प्रयुक्त पद्धति अपनाए गए सूत्र, अनुसूची में विनिर्दिष्ट, माने गए अपवादों, अपनाए गए सिद्धांतों के बारे में ब्यूरों के अनुसार होंगे।

(5) ब्यूरो उपनियम (3) में उल्लिखित रिपोर्ट को केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत करेगा।

(6) केन्द्रीय सरकार उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् अधिसूचना द्वारा -

(क) धारा 14 के खंड (छ) के अधीन प्रत्येक अभिहित उपभोक्ता के संयंत्र के लिए ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों की स्थापना और विनिर्दिष्ट करेगी ;

(ख) धारा 14 के खंड (ढ) के अधीन ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के लिए सभी अभिहित उपभोक्ताओं को निदेश देगी और ब्यूरो तथा सभी राज्य अभिहित अभिकरणों को सूचित करेगी।

5. ऊर्जा के दक्ष उपयोग और इसके संरक्षण के कार्यान्वयन के लिए स्कीम तैयार करने के लिए प्ररूप, रीति और समय :-

(1) प्रत्येक अभिहित उपभोक्ता को नियम 4 के उपनियम (6) के अधीन अधिसूचना के जारी होने के तीन मास के भीतर, राज्य अभिहित अभिकरण को स्कीम प्रस्तुत करनी होगी और इसकी एक प्रति ब्यूरो को देनी होगी, जिसमें निम्नलिखित होगा:-

(क) अन्य बातों के साथ साथ, कार्य योजना, लक्ष्य वर्ष तक ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुसरण में पहचान किए गए ऊर्जा बचत उपायों का संक्षिप्त ब्यौरा ;

(ख) प्रत्येक पहचान किए गए ऊर्जा बचत उपायों की प्राक्कलित लागत ;

(ग) ऊर्जा बचत उपायों के कार्यान्वयन के माध्यम से अथवा ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों की खरीद के माध्यम से ऊर्जा उपभोग सन्नियमों और मानकों को प्राप्त करने के लिए कार्यान्वयन योजना।

6. कार्य निष्पादन का निर्धारण (1) प्रत्येक अभिहित उपभोक्ता, आधार वर्ष से लक्ष्य वर्ष की समाप्ति के तीन मास के भीतर, कार्य निष्पादन दस्तावेज प्ररूप 'क' में राज्य अभिहित अभिकरण को प्रस्तुत करेगा, जिसमें ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों का अनुपालन विनिर्दिष्ट किया गया हो, प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा प्ररूप 'ख'

में दिए गए प्रमाण पत्र सहित विधिवत् सत्यापित होंगे और निम्नलिखित दस्तावेज़ भी संलग्न होंगे, अर्थात:-

(क) अभिहित उपभोक्ता को दी गई विशिष्ट रजिस्ट्रीकरण संख्या की प्रति ;

(ख) पूर्ववर्ती तीन वर्षों के नियम 2007 के अधीन प्ररूप 1 में रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत किए जाने का सबूत;

(ग) नियम 2008 के अधीन प्ररूप-1, प्ररूप-2 और प्ररूप-3 में रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने का सबूत के सहित, इसकी प्रतियाँ, जिसके अंतर्गत लक्ष्य वर्ष के लिए रिपोर्ट भी हैं;

(घ) प्रत्येक वर्ष के लिए, नियम .2008 के प्ररूप -2 और प्ररूप-3 में ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के लिए कार्यान्वित ऊर्जा बचत उपायों के ब्यौरे, जिसमें सलंग्न किए गए संगत चक्र के वर्ष-वार ऊर्जा बचत उपायों का संक्षिप्त सार, किए गए विनिधान का ब्यौरा, प्रत्येक वर्ष में कार्यान्वित उपायों के समर्थन में फोटोग्राफ, यदि सम्भव हो, और आधार वर्ष से लेकर लक्ष्य वर्ष तक प्रत्येक वर्ष में अधिप्राप्त ऊर्जा बचत के प्रतिशत में सुधार शामिल हों ;

(ड.) आधार वर्ष में अभिहित उपभोक्ताओं के ऊर्जा सन्नियमों और मानकों के ब्यौरे, आधार वर्ष से लेकर लक्ष्य वर्ष तक आगामी प्रतिवर्ष प्राप्त उपलब्धि, ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों की उपलब्धि पर प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक की राय के साथ-साथ प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षक द्वारा विधिवत प्रमाणित पात्रता अथवा आवश्यकता की सत्यता और गणना के ब्यौरों सहित ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों की पात्रता अथवा आवश्यकता ;

(च) ऊर्जा प्रबंधक का नाम और विवरण, उसकी नियुक्ति की तारीख, निष्पादित कर्तव्यो के ब्योरे जिसके अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए की गई पहले भी हैं :-

(2) अभिहित उपभोक्ता, संगत चक्र के पहले और दूसरे वर्ष के समाप्त होने के पश्चात, तीन मास के भीतर, समानुपातिक ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र जारी करने के लिए राज्य अभिहित अभिकरण को प्ररूप 'क' में कार्य निष्पादन दस्तावेज़ प्रस्तुत करेगा, जिसकी प्रति ब्यूरो को भी भेजनी होगी, जिसमें उपनियम (1) में उल्लिखित दस्तावेजों के साथ प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षक द्वारा प्ररूप 'ख' में प्रमाणपत्र सहित सम्यक रूप से सत्यापित ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों को विनिर्दिष्ट करते हुए अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष से अन्यून अवधि के लिए निष्पादन सम्मिलित होगा।

(3) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक, ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के लिए अभिहित उपभोक्ता द्वारा प्रारम्भ की गई प्रत्येक क्रियाकलाप और ऊर्जा बचत

प्रमाणपत्र की पात्रता अथवा आवश्यकता का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे इन नियमों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।

(4) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक, ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के बारे में अभिहित उपभोक्ता द्वारा दी गई सूचना की शुद्धता तक पहुँच रखने के लिए :-

(क) मानक लेखा संपरीक्षण तकनीकों को लागू करेगा ;

(ख) अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों का अनुसरण करेगा ;

(ग) सत्यापन और प्रमाणन कार्यों के सभी पहलुओं को समेकित करेगा ;

(घ) सत्यापन दल की राय और उसके निष्कर्षों की स्वतंत्र रूप से तकनीकी समीक्षा करेगा ;

(ड.) ऐसी स्थिति पर भी विचार करेगा, जहां कोई विशिष्ट क्रियाकलाप ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन से संबंधित क्रियाकलापों का भाग हो सकेंगे अथवा नहीं और इस निर्धारण के लिए प्रक्रिया में सम्मिलित करेगा :-

(क) दस्तावेजों के पुनर्विलोकन में, जिसमें :-

(i) आंकड़ों और इसका स्रोत का पुनर्विलोकन तथा जानकारी की शुद्धता, और दी गई जानकारी का निर्वचन अंतर्वलित हो;

(ii) लेखा संपरीक्षा रिपोर्ट में उपलब्ध कराई गई जानकारी और यदि लेखा संपरीक्षा रिपोर्ट में प्रयुक्त स्रोतों से भिन्न तुल्य जानकारी उपलब्ध है, के बीच प्रति-जांच, उन अन्य स्रोतों से जानकारी और स्वतंत्र पृष्ठभूमि अन्वेषन अंतर्वलित है;

(ख) अनुवर्ती कार्रवाई, जिसमें :-

(i) स्थल दौरे, अभिहित उपभोक्ता के उत्तरदायी कार्मिकों के साथ साक्षात्कार ;

(ii) यह सुनिश्चित करने को साक्षात्कार किए गए कार्मिक द्वारा प्रदत्त जानकारी का प्रति-जांच करना कि कोई संगत जानकारी का लोप या अधिक या कम मूल्यांकित नहीं की गई है ;

(iii) सूत्रों और गणनाओं के अनुप्रयोग की पुनर्विलोकन करना और सत्यापन रिपोर्ट के निष्कर्षों की रिपोर्ट करना।

(5) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक किसी सत्यापन रिपोर्ट में स्वनिर्धारण के परिणामों की रिपोर्ट देगा और उक्त रिपोर्ट में निम्नलिखित होगा :-

(क) समर्थन दस्तावेजों के साथ सत्यापन प्रक्रिया, निर्धारण के परिणाम और उसकी राय का सारांश ;

(ख) निष्कर्ष और राय तक पहुँचने के क्रम में की गई सत्यापन क्रियाकलापों के ब्यौरे, जिसके अंतर्गत सत्यापन प्रक्रिया के दौरान लिए गए ब्यौरे और ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन से संबंधित निष्कर्ष, आधार वर्ष में विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत के संदर्भ में विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत में वृद्धि अथवा कमी ;

(ग) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षा और अभिहित उपभोक्ता के मध्य पारस्परिक क्रियाओं के अभिलेख, यदि कोई हो, और स्पष्टीकरणों के कारण उसके निर्धारण में किया गया कोई परिवर्तन, यदि कोई हो, जो अभिहित उपभोक्ता द्वारा दिया गया हो ;

(6). यदि प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक अपनी सत्यापन रिपोर्ट में सकारात्मक राय अभिलिखित करता है, तो ब्यूरो यह मान लेगा कि ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन, ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र जारी करने की हकदारी अथवा खरीदने के दायित्वों के बारे में सभी अपेक्षाएं पूरी कर ली गई हैं।

(7). अभिहित उपभोक्ता द्वारा सम्यक रूप से सत्यापित प्ररूप 'क' प्रस्तुत करने के पश्चात्, राज्य अभिहित अभिकरण, प्ररूप 'क' के प्रस्तुत करने की अन्तिम तारीख के पंद्रह दिनों के भीतर ब्यूरो को, प्ररूप 'क' पर अपनी टिप्पणी, यदि कोई हो, भेजेगा।

7. **मानीटरी और सत्यापन करने के लिए प्रक्रिया** :– (1) अभिहित उपभोक्ता, प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक के परामर्श से, ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के लिए, ऊर्जा दक्षता ब्यूरों (ऊर्जा लेखा संपरीक्षा करने के लिए रीति और समय अंतराल) विनियम, 2010 पर आधारित ऊर्जा खपत और उत्पादन के लिए पारदर्शी, स्वतंत्र और विश्वसनीय मानीटरी तथा सत्यापन व्यवस्थाएं करेगा, और इस व्यवस्था में निम्नलिखित होंगे :-

(क) अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा तिमाही आंकड़ा रिपोर्टें तैयार करना और उनका अनुरक्षण करना, -

(i) संयंत्र और उत्पादन प्रक्रियाओं के निष्पादन पर ;

(ii) ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में हुए सुधारों के निषेधकारी कारकों की पहचान करने के प्रयोजन के लिए संयंत्र और उत्पादन प्रक्रियाओं की आन्तरिक क्षेत्रीय

लेखा संपरीक्षा पर और ऊर्जा खपत को कम करने तथा ऊर्जा दक्षता में सुधार के उपायों को करना।

(ख) अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा वार्षिक आंकड़ा रिपोर्टें तैयार करना और उनका अनुरक्षण करना :-

(i) संयंत्र और उत्पादन प्रक्रियाओं के निष्पादन पर ;

(ii) संयंत्र और उत्पादन प्रक्रियाओं के आन्तरिक क्षेत्र लेखा संपरीक्षकों, के निष्कर्षों पर, जिसमें ऊर्जा दक्षता और इसके संरक्षण में सुधारों के निषेधकारी कारकों की पहचान की गई है, और ऊर्जा खपत को कम करने और ऊर्जा दक्षता में सुधार करने के उपायों तथा प्रत्येक वर्ष के दौरान उत्पादन प्रक्रियाओं की दक्षता में सुधार करने के लिए किए गए उपायों को अपनाने के परिणामों पर,

(iii) प्राप्त किए गए उत्पादन, उपभोग की गई ऊर्जा और विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत, प्राप्त की गई विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत, प्राप्त की गयी विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत में कमी, ऊर्जा संरक्षण के लिए किए गए उपायों और बचाई गई ऊर्जा की मात्रा पर वर्ष-वार रिपोर्ट के बारे में :-

(ग) प्राप्त किए गए उत्पादन, उपभोग की गई ऊर्जा और विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत, प्राप्त की गई विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत में कमी, ऊर्जा संरक्षण के लिए उपाय और बचाई गई ऊर्जा की मात्रा पर चक्र के अंत की आंकड़ा रिपोर्टें तैयार करना और अनुरक्षण करना।

(2) इन नियमों के अधीन अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा किए गए सभी क्रियाकलापों की सत्यापन रिपोर्ट तैयार करने के प्रयोजन के लिए प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा संवीक्षा की जाएगी और अभिहित उपभोक्ता विस्तृत तथा पूरे आंकड़े प्रस्तुत करेगा, इन नियमों के अधीन सत्यापन का कार्य करने के प्रयोजन के लिए प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा अपेक्षित आवश्यक दस्तावेज़ और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

(8) जांच-सत्यापन - (1) ब्यूरो अपनी ओर से स्वतः, अथवा अनुपालन रिपोर्ट के प्रस्तुत करने की तारीख से एक वर्ष के भीतर किसी गलती अथवा असंगति अथवा दुर्व्यपवेशन के बारे में कोई शिकायत प्राप्त होने पर अथवा ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने की तारीख से छह मास के भीतर, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, उपनियम (2) के उपबंध के अनुसार, अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा के लिए कार्रवाई आरम्भ करेगा।

(2) ब्यूरो निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई आरम्भ करेगा, अर्थात :-

(क) अभिहित उपभोक्ता के अतिरिक्त प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक, जिसने संबन्धित राज्य अभिहित अभिकरण को सत्यापन रिपोर्ट की एक प्रति प्रस्तुत की थी, को सूचना जारी करेगा, उपर्युक्त नोटिस प्राप्त होने की तारीख से दस कार्य दिवसों के भीतर टिप्पणियाँ देने के लिए :

(ख) अभिहित उपभोक्ता और प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा प्रस्तुत टिप्पणियाँ, स्पष्ट कथन होगा कि-

(i) उनके द्वारा प्रस्तुत की गई अनुपालन रिपोर्ट और सत्यापन रिपोर्ट से वह सहमत हैं और उक्त सूचना के उत्तर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ बिंदु-वार उत्तर देते हुए पुष्टि रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे : अथवा

(ii) वे उपर्युक्त सूचना में उल्लिखित गलतियों अथवा असंगतियों अथवा दुर्व्यपवेशन को स्वीकार करेंगे और नोटिस के प्रत्येक बिंदु के बारे में विस्तृत स्पष्टीकरण देंगे और प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट पर ऐसी गलतियों अथवा असंगतियों अथवा दुर्व्यपवेशन के प्रभाव का स्पष्ट रूप से लिखित में स्वीकार करेंगे:

(ग) ब्यूरो, खंड (ख) में निर्दिष्ट टिप्पणियों के प्राप्त होने की तारीख से दस दिन के भीतर उक्त टिप्परियों को ध्यान में रखने के पश्चात, पुनर्विलोकन करने अथवा न करने का निश्चय करेगा और अपने विनिश्चय के लिए कारणों को लेखबद्ध करेगा :

(घ) जहां, ब्यूरो, राज्य अभिहित अभिकरण के परामर्श से, पुनर्विलोकन करने का विनिश्चय करता है ;

(i) वह, जांच-सत्यापन करने के लिए एक प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक नियुक्त करेगा, जिसने संबंधित अभिहित उपभोक्ता के संबंध में सत्यापन के कृत्य का निष्पादन नहीं किया है :

(ii) किसी शिकायत पर, उक्त जांच-सत्यापन, शिकायतकर्ता के व्यय पर किया जाएगा :

(ड.) जब ब्यूरो उक्त समीक्षा करने का निर्णय नहीं लेता है, तो अभिहित उपभोक्ता, उसका प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक तथा शिकायतकर्ता को इस संबंध में लिखित में सूचित करेगा।

(3) जांच-सत्यापन प्रक्रिया में निर्धारण में निम्नलिखित अंतर्वलित करना सुनिश्चित करना होगा, कि :-

(क) ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन से संबंधित क्रियाकलापों का अनुपालन कर लिया गया है और ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करना अथवा क्रय करना इन नियमों के उपबंध के अनुसरण में है;

(ख) मानीटरी और सत्यापन प्रक्रिया नियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में है;

(ग) नियम 7 में निर्दिष्ट आंकड़ों और क्रियाकलापों के ब्यौरों का किया गया मूल्यांकन और निकाले गए निष्कर्ष की गलतियों, उक्त आंकड़ों में लोप अथवा दुर्व्यपवेशन या उनके योग द्वारा प्राप्त किए गए ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों और अनुसूची में विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक के लिए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने अथवा क्रय करने को प्रभावित नहीं करते।

(4) उक्त प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक यह निर्धारण और सत्यापन करेंगे कि ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के लिए अभिहित उपभोक्ता द्वारा निष्पादित क्रियाकलाप इन नियमों के अनुसार हैं और निर्धारण और जांच-सत्यापन प्रक्रिया में निम्नलिखित अंतर्वलित होंगी -

(क) दस्तावेजों का पुनर्विलोकन और नियम 6 में निर्दिष्ट स्थल पर निर्धारण, जिससे यह सत्यापित होगा कि ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के लिए निष्पादित क्रियाकलापों इन नियमों के अनुसार हैं और यदि उपयुक्त प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक यह विनिश्चय करता है कि स्थल पर दौरा करना सम्भव नहीं होगा अथवा उपयुक्त नहीं होगा, तब वह इस संबंध में कारणों को लेखबद्ध करेगा;

(ख) ऊर्जा खपत सन्नियममों और मानकों पर परिमाणात्मक और क्वालिटी जानकारी दोनों का पुनर्विलोकन, परिमाणात्मक सूचना में प्ररूप 'क' में रिपोर्ट किए गए आंकड़े शामिल होंगे, और गुणात्मक जानकारी में आन्तरिक प्रबन्धन नियंत्रण, गणना प्रक्रियाएं, आंकड़ा अन्तरण प्रक्रियाएं, प्रत्येक वर्ष आगामी आधार रेखा वर्ष से लक्ष्य वर्ष तक प्राप्त किए गए ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों की आवृत्ति, गणना प्रक्रिया अथवा आंकड़ा अन्तरण के आन्तरिक क्षेत्र लेखा संपरीक्षण की रिपोर्ट और पुनर्विलोकन सम्मिलित होगी :

(ग) पूर्ववर्ती रिपोर्टों का पुनर्विलोकन;

(घ) इन नियमों के अधीन सुसंगत किसी अन्य सूचना और दस्तावेजों अथवा पालन किए गए क्रियाकलापों पर आधारित होने का पुनर्विलोकन;

(ङ.) नियम 7 में निर्दिष्ट मानीटरी और सत्यापन प्रक्रिया का पुनर्विलोकन।

(5) अभिहित उपभोक्ता विस्तृत और पूर्ण आंकड़े देगा, इन नियमों के अधीन जांच-सत्यापन का कृत्य निष्पादन करने के प्रयोजन के लिए प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षक द्वारा अपेक्षित आवश्यक दस्तावेज़ और अन्य अपेक्षित सुविधाएं प्रदान करेगा।

(6) जांच-सत्यापन का भारसाधक प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक जांच-सत्यापन रिपोर्ट में अपने निर्धारण के परिणामों की रिपोर्ट देगा और उक्त रिपोर्ट में निम्नलिखित होगा:-

(क) सत्यापन प्रक्रिया का सारांश, अपने निर्धारण के परिणाम और उनकी राय, समर्थित दस्तावेजों के साथ;

(ख) सत्यापन प्रक्रिया के दौरान लिए गए ब्योरे सहित निष्कर्ष और राय पर पहूँचने के क्रम में की गई जांच-सत्यापन कार्रवाइयों के ब्यौरे तथा ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानदंडों के अनुपालन से संबंधित निष्कर्ष, आधार रेखा वर्ष में विशिष्ट ऊर्जा खपत के संदर्भ में विशिष्ट ऊर्जा खपत में वृद्धि अथवा कमी, ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने अथवा खरीदने की देयता के बारे में पात्रता।

(7) यदि प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक अपनी जांच-सत्यापन रिपोर्ट में सकारात्मक राय अभिलिखित कर समाप्त करता है कि ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन और ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने अथवा क्रय करने के संबंध में सभी अपेक्षाएं पूरी कर ली गई हैं।

(8) यदि प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक अपनी जांच-सत्यापन रिपोर्ट में एक नकारात्मक राय अभिलिखित करता है, ऐसी राय का ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों, ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने अथवा क्रय करने, सत्यापन रिपोर्ट देने में प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक का दायित्व और ऐसी सत्यापन रिपोर्टके परिणामस्वरूप अभिहित उपभोक्ता द्वारा प्राप्त किये गए अनुचित लाभ की मात्रा का आकलन जांच सत्यापन करते समय प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा किया जाएगा।

(9) जांच-सत्यापन का भारसाधक प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक प्ररूप 'ग' में विधिवत सत्यापित अपनी रिपोर्ट, ब्यूरो और संबंधित राज्य अभिहित अभिकरण को प्रस्तुत करेगा।

(10) जहां प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा दी गई सत्यापन रिपोर्ट अभिहित उपभोक्ता द्वारा अनुचित या नवाज़िब कमी या असंगतियों या गलतियों या दुर्व्यपवेशन द्वारा लाभ सुरक्षित किया जाता है, तो ऐसे लाभ की गणना निम्नलिखित कारकों को देखते हुए की जाएगी, यथा :-

(क) ऐसे अभिहित उपभोक्ता द्वारा संदेय रकम का मूल्य वही होगा जो सत्यापन रिपोर्ट में निकाला गया जमा ऐसे मूल्य का पच्चीस प्रतिशत जोड़ जो कथित अभिहित उपभोक्ता द्वारा अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए अपनाई गई अनुचित पद्धति के कारण प्राप्त हुआ हो :

(ख) जांच-सत्यापन के कारण पहचान किए गए अनुचित लाभ के कारण विनिर्दिष्ट ऊर्जा के समतुल्य मीटरी टन तेल :

(ग) जांच-सत्यापन की व्यय।

(11) राज्य अभिहित अभिकरण, उक्त प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक से रिपोर्ट प्राप्त होने की तारीख से दस दिनों के भीतर रिपोर्ट पर अपनी टिप्पणियां भेजेगा और यदि संबंधित राज्य अभिहित अभिकरण से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं होती है तो यह उपधारणा की जाएगी कि उन्हें इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करनी है।

(12) ब्यूरो उपनियम (11) में निर्दिष्ट दस दिनों के पश्चात अभिहित उपभोक्ता के अतिरिक्त और उसके प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक को, जिसमें अभिहित उपभोक्ता के विरुद्ध विनिर्दिष्ट कमियों अथवा विसंगतियों अथवा गलतियों अथवा दुर्व्यपवेशन को विनिर्दिष्ट करते हुये कारण बताओ सूचना जारी करेगा ।

(13) अभिहित उपभोक्ता के अतिरिक्त उसका प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक, उक्त कारण बताओ नोटिस का उत्तर ब्यूरो के अधिकारी, जिसने कारण बताओ सूचना जारी किया है, को पंद्रह कार्य दिवसों की अवधि के भीतर देगा।

(14) ब्यूरो, उपनियम (13) में उल्लिखित कारण बताओ सूचना के उक्त उत्तरों की परीक्षा करने के पश्चात संबंधित राज्य अभिहित अभिकरण को रिपोर्ट भेजेगा जिसमें शास्ति प्रक्रियाएं संस्थित करने के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित ब्यौरे विनिर्दिष्ट होंगे, अर्थात :-

(क) जांच रिपोर्ट के आधार पर अभिहित उपभोक्ता द्वारा दोषपूर्वक प्राप्त किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों की संख्या जांच सत्यापन पर गलत और मिथ्या पाई गई :

(ख) ऊर्जा बचत प्रमाण पत्रों की संख्या, जिनको क्रय करने के लिए अभिहित उपभोक्ता ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानदंडों का अनुपालन न करने के लिए उत्तरदाई था; जैसा कि जांच-सत्यापन रिपोर्ट में पाया गया है :

(ग) दुर्व्यपवेशन, यदि कोई हों और ऐसे दुर्व्यपवेशन के कारण हुए अनुचित लाभ का ब्यौरा :

(घ) जांच-सत्यापन का व्यय;

(15) उपनियम (9) में निर्दिष्ट रिपोर्ट के प्राप्त होने की तारीख से दो मास के भीतर राज्य अभिहित अभिकरण कार्रवाई आरंभ करेगा।

(क) अभिहित उपभोक्ता को अनुचित लाभ देकर केन्द्रीय सरकार को हुई हानि को अभिहित उपभोक्ता से वसूली करने की कार्रवाई ;

(ख) उक्त रिपोर्ट में निर्दिष्ट व्यक्तियों के विरुद्ध शास्ति कार्रवाईयां ब्यूरो को सूचना देने के अद्यधीन होगी ;

(ग) ऐसे अनुचित लाभ के लिए यदि अभिहित उपभोक्ता के लिए शिकायत रजिस्टर कराई जाएगी यदि अभिहित उपभोक्ता शास्ति का भुगतान नहीं करता है और शास्ति कार्यवाहियों में उल्लखित विनिर्दिष्ट समय में राजकोष को हुई क्षति का संदाय नहीं करता है।

(16) जहां, ब्यूरो को प्राप्त किसी शिकायत के आधार पर जांच-सत्यापन आरंभ किया जाता है, यदि जांच-सत्यापन में यह पाया जाता हैं कि अभिहित उपभोक्ता ने प्ररूप 'क' में सही सूचना दी है, इस जांच सत्यापन का व्यय शिकायतकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।

(17) जहां, ब्यूरो को प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच-सत्यापन आरंभ किया जाता है, यदि जांच सत्यापन में यह पाया जाता है कि अभिहित उपभोक्ता ने प्ररूप 'क' में असत्य और मिथ्या सूचना दी है, इस जांच सत्यापन की लागत, अभिहित उपभोक्ता द्वारा वहन की जाएगी ।

9. ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानदंडों के अनुपालन और ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र के जारी करने के बारे में प्रक्रिया :- (1) भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई फर्म, अथवा कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन निगमित कोई कम्पनी, अथवा कोई अन्य विधिक अस्तित्व, जो वाद ला सकती है, या जिस पर वाद लाया जा सकता है, या संविदा

कर सकने में समर्थ है, ऊर्जा सन्नियमों और मानकों के अनुपालन और ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने अथवा क्रय करने के बारे में सत्यापन करने अथवा जांच-सत्यापन करने के लिए होगी, यदि वह –

(क) उसके पास कम से कम एक प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षक है जिसका नाम, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षकों की अर्हताएं और उनकी सूची का अनुरक्षण) विनियम, 2010 के विनियम 7 के अधीन ब्यूरो द्वारा अभिहित प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षको की सूची में सम्मिलित हैं;

(ख) जिसके पास कम से कम तीन ऊर्जा लेखा संपरीक्षक हैं ;

(ग) जिसके पास सत्यापन और जांच-सत्यापन करने के लिए क्षेत्रीय अध्ययनों की पर्याप्त विशेषज्ञता हो, जिसमें प्रेक्षण, कौशल परीक्षण, आंकड़ा संग्रहण और सृजन, तकनीकी ज्ञान की गहराई और विश्लेषण योग्यताएं सम्मिलित हैं ;

(घ) जिसने पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक वर्ष में 10 लाख रुपये प्रति वर्ष का न्यूनतम कारोबार किया हो अथवा नव-गठित संगठन के मामले में शुद्ध दस लाख रुपये का कारोबार हो।

(2) ब्यूरो, ऐसी फर्मों, कम्पनियों और अन्य विधिक आस्तित्वों का पैनल तैयार करने के प्रयोजन के लिए सत्यापन और जांच-सत्यापन का कार्य करने के लिए फर्मों, कम्पनियों और अन्य विधिक आस्तित्वों से आवेदन आमंत्रित करेगा।

(3) उपनियम (2) में निर्दिष्ट आवेदनों के साथ यथास्थिति, रजिस्ट्रीकरण अथवा निगमन का प्रमाणपत्र साथ लगा होगा;

(4) ऐसे प्राप्त आवेदनों के, उपनियम (1) के उपबंध के अनुसार, संवीक्षा की जाएगी और पात्र आवेदकों का एक पैनल तैयार किया जाएगा, जो ब्यूरो की वेब साइट www.bee-india.nic.in पर प्रदर्शित होगा।

(5) चयनित आवेदकों को, प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक के रूप में सत्यापन और जांच-सत्यापन के कृत्यों को करने के लिए उसके पैनलिकरण के समर्थन को प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

(6) उपनियम (5) में निर्दिष्ट प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षकों को एक विशिष्ट पहचान संख्या जारी होगी।

10. प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक की बाध्यताएं:- (1) सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन के कार्य के लिए, प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षक एक दल का गठन करेगा, जिसमें एक दल-प्रमुख और विशेषज्ञों सहित अन्य सदस्य सम्मिलित होंगे ;

परंतु एक व्यक्ति जो पूर्ववर्ती चार वर्षों में एक अभिहित उपभोक्ता के नियोजन में कार्य कर रहा था, ऐसे अभिहित उपभोक्ता के लिए सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन का कार्य करने के लिए पात्र नहीं होगा :

यह और, परंतु कोई व्यक्ति अथवा फर्म अथवा कम्पनी अथवा अन्य विधिक अस्तित्व, जो पूर्ववर्ती चार वर्षों के भीतर अभिहित उपभोक्ताओं की ऊर्जा लेखा संपरीक्षा में अंतर्वलित कर रहा था, ऐसे अभिहित उपभोक्ता के लिए सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन का कार्य करने के लिए पात्र नहीं होगा ;

(2) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि दल-प्रमुख और दल-सदस्यों के रूप में चयनित व्यक्ति सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन के लिए उन्हें सौंपे जा सकने वाले कार्यों के संबंध में स्वतंत्र, निष्पक्ष और लाभ के सम्भाव्य विवाद से मुक्त होंगे।

(3) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक की, यह सुनिश्चित करने के लिए कि सत्यापन और जांच-सत्यापन दलों और तकनीकी विशेषज्ञों का प्रत्येक दल सदस्य निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से और लाभ के सम्भाव्य विवाद से मुक्त होकर कार्य कर रहा है, औपचारिक संविदात्मक शर्तें होंगी।

(4) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि सत्यापन और जांच-सत्यापन के बारे में दल प्रमुख, दल-सदस्य और विशेषज्ञ के द्वारा किए जाने वाले सम्भावित कार्यों से किसी ज्ञात, विद्यमान, पूर्व अथवा परिकल्पित संबंध के बारे में उसे सूचित किया जाएगा।

(5) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक की, सत्यापन और जांच-सत्यापन के कार्य करने के लिए आवश्यक तकनीकी अथवा वित्तीय क्षमता का निर्धारण करने के लिए दस्तावेजित प्रणाली रखेगा और उपनियम (2) में उल्लिखित व्यक्तियों की योग्यता का निर्धारण करने में प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक, अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित पहलुओं पर भी विचार करेगा और अभिलिखित करेगा, अर्थात :-

(क) की जाने वाली सम्भावित गतिविधियों की जटिलताएँ ;

(ख) प्रत्येक परियोजना की क्रियाकलापों से जुड़े जोखिम ;

(ग) प्रौद्योगिकीय और विनियामक पहलू ;

(घ) अभिहित उपभोक्ता का आकार और अवस्थिति;

(ङ) सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन के लिए आवश्यक क्षेत्रीय कार्य की किस्म और मात्रा ;

(6) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक की, सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन कार्यों के लिए योजना तैयार करने के लिए दस्तावेजीय प्रणाली होगी और इस योजना में सत्यापन और जांच-सत्यापन के प्रयोजन के लिए, अभिहित उपभोक्ताओं के बारे में, कार्य दिवसों के निबंधनों, प्रत्येक किस्म के क्रियाकलापों में किए जाने के लिए अपेक्षित सभी लक्ष्य सम्मिलित होंगे।

(7) सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन दल-सदस्यों के नाम और उनके जीवन-वृत्त, प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा संबंधित अभिहित उपभोक्ता को, अग्रिम दिए जाएंगे।

(8) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन दल को, संबंधित कार्यकारी दस्तावेज़, उनके पूर्ण उत्तरदायित्वों से अवगत कराते हुए, उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसकी सूचना संबंधित अभिहित उपभोक्ता को भी देनी होगी।

(9) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक की :-

(i) सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन के कार्यों के सभी पहलुओं को समेकित करके;

(ii) ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए, जिनमें ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के लिए अथवा ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए किए गए क्रियाकलापों या उक्त प्रयोजनों के लिए किसी क्रियाविधि के रूप में स्वीकार्य नहीं होगी; दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया होगी।

(10) प्रत्यायित ऊर्जा संपरीक्षक, सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन दल की राय की स्वतंत्र रूप से पुनर्विलोकन करेगा और स्वतंत्र राय बनाएगा और उक्त दल को, यदि आवश्यक हो, आवश्यक निर्देश देगा।

(11) सत्यापन और जांच-सत्यापन रिपोर्ट तैयार करने में प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक पारदर्शिता, स्वतंत्रता और हित के विरुद्ध प्रति रक्षोपाय सुनिश्चित करेगा।

(12) प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक, सत्यापन अथवा जांच-सत्यापन रिपोर्ट के दौरान प्राप्त अथवा सृजित सभी जानकारी और आंकड़ों की गोपनीयता सुनिश्चित करेगा।

(13) प्रत्यायित लेखा संपरीक्षक को, ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानदंडों के अनुपालन का निर्धारण करने में करते हुए और ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र जारी करते हुए, अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के प्रावधानों का पालन करेगा।

(14) प्रत्यायित लेखा संपरीक्षक, जांच-सत्यापन पूरा होने के पश्चात, जांच सत्यापन रिपोर्ट, प्रमाणपत्र के साथ प्ररूप 'ग' में, ब्यूरो को प्रस्तुत करेगा।

11. ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र जारी करने की सिफारिश :- (1) ब्यूरो, सत्यापन रिपोर्ट और जांच-सत्यापन रिपोर्ट, जो भी ब्यूरो द्वारा चाही गई थी, की शुद्धता का समाधान हो जाने पर, संबंधित राज्य अभिहित उपभोक्ता द्वारा प्ररूप 'क' में किए गए दावे के आधार पर, धारा 14 ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने के लिए, उक्त प्ररूप 'क' के प्रस्तुत करने की अन्तिम तारीख से राज्य अभिहित उपभोक्ता द्वारा दस कार्य दिवस के भीतर धारा 13 की उप धारा (2) के खंड (क,क) के अधीन अपनी सिफारिश केंद्रीय सरकार को भेजेगा और सिफारिश में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट करेगा-

(क) अभिहित उपभोक्ता को निम्नलिखित सूत्र द्वारा अवधारित करने के पश्चात जारी किए जाने वाले ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों की निश्चित संख्या और ऐसे ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों के लिए हकदारी निर्धारित की जाएगी :-

(i) तापीय ऊर्जा संयंत्र सैक्टर के लिए

ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों की संख्या =

(लक्ष्य वर्ष के लिए अधिसूचित ऊष्मा दर- लक्ष्य वर्ष में प्राप्त हुई ऊष्मा दर)

\ आधाररेखा वर्ष में उत्पादन करोड़ किलोवाट/10)

(ii) अन्य सैक्टर के लिए

ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों की संख्या =

(लक्ष्य वर्ष के लिए अधिसूचित विशिष्ट ऊर्जा खपत – लक्ष्य वर्ष में प्राप्त हुई विशिष्ट ऊर्जा खपत) x आधार रेखा वर्ष में उत्पादन

(ख) संबंधित अभिहित उपभोक्ताओं की पहचान ;

(ग) प्रमाणन, कि अभिहित उपभोक्ता द्वारा ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने की सभी अपेक्षाओं को पूरा कर लिया गया है और प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा सत्यापन रिपोर्ट में उसकी हकदारी प्रमाणित कर दी गई है।

(2) अभिहित उपभोक्ता, ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों का अनुपालन करने के संबंध में पहले अथवा दूसरे अथवा लक्ष्य वर्ष के दौरान उपलब्ध किए गए अपने निष्पादन के समानुपात में ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने की मांग कर सकता है और ब्यूरो, सत्यापन रिपोर्ट और जांच-सत्यापन रिपोर्ट, जो भी उसके द्वारा चाही गई हों, की सत्यता के बारे में, समाधान हो जाने पर, धारा 14क के अधीन लक्ष्य वर्ष के अलावा एक वर्ष में हकदारी के अस्सी प्रतिशत से अनधिक, ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अभिहित उपभोक्ता द्वारा प्ररूप 'क' में किए गए दावे के आधार पर, धारा 13 की उपधारा (2) के खंड(क.क) के अधीन केंद्रीय सरकार अपनी सिफारिश भेजेगा।

(3) उपनियम (2) के अधीन सिफारिश ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों का रकम, निम्नलिखित सूत्र के अनुसार, लक्ष्य वर्ष की समाप्ति पर, हकदारी के प्रति समायोजित होगा:-

(क) तापीय ऊर्जा संयंत्र सैक्टर के लिए :-

(i) 1 वर्ष के पश्चात जारी किए जाने वाले ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र = |{आधार वर्ष में ऊष्मा दर} – (आधार वर्ष में ऊष्मा दर – लक्ष्य वर्ष के लिए अधिसूचित ऊष्मा दर) ÷ 3)| – 1 वर्ष में प्राप्त ऊष्मा दर) x 80% x आधार वर्ष करोड़ किलोवाट में उत्पादन :

(ii) 1 वर्ष पश्चात समायोजित ऊष्मा दर = लक्ष्य वर्ष के लिए अधिसूचित ऊष्मा दर – (1 वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र ÷ आधार वर्ष करोड़ किलोवाट में उत्पादन) x 10: :

(iii) 2 वर्ष पश्चात जारी किए जाने वाले ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र = {|(आधार वर्ष में ऊष्मा दर – 1 वर्ष बाद समायोजित ऊष्मा दर x ÷ 3] – दूसरे वर्ष में प्रति ऊष्मा दर } x 80% x आधार वर्ष करोड़ किलोवाट में उत्पादन x 10:

(iv) 2 वर्ष पश्चात समायोजित ऊष्मा दर = 1 वर्ष बाद समायोजित ऊष्मा दर – (दूसरे वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र ÷ आधार वर्ष करोड़ में उत्पादन) x 10

(v) लक्ष्य वर्ष में जारी किए जाने वाले ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र = {(आधार वर्ष में ऊष्मा दर – (आधार वर्ष के ऊष्मा दर – दूसरे वर्ष के बाद समायोजित ऊष्मा दर)] – लक्ष्य वर्ष में प्राप्त की गई ऊष्मा दर } x आधार वर्ष करोड़ किलोवाट में उत्पादन/10

(vi) चक्र में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों की कुल संख्या = 1 वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र + 2 वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र + लक्ष्य वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र ।

(ख) अन्य सैक्टर के लिए :-

(i) 1 वर्ष के पश्चात जारी किए जाने वाले ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र = [{आधार वर्ष में विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत} – (आधार वर्ष में विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत – लक्ष्य वर्ष के लिए अधिसूचित विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत) ÷ 3)] – 1 वर्ष में प्राप्त विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत) x 80% x आधार वर्ष में उत्पादन ;

(ii) 1 वर्ष पश्चात समायोजित विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत = लक्ष्य वर्ष के लिए अधिसूचित विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत – (1 वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र ÷ आधार वर्ष में उत्पादन) ;

(iii) 2 वर्ष पश्चात जारी किए जाने वाले ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र = {[(आधार वर्ष में विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत – 1 वर्ष पश्चात समायोजित विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत x ÷ 3] – दूसरे वर्ष में प्रति विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत} x 80% x आधार वर्ष में उत्पादन;

(iv) 2 वर्ष पश्चात समायोजित विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत = 1 वर्ष पश्चात समायोजित विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत – (दूसरे वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाण पत्र ÷ आधार वर्ष में उत्पादन)

(v) लक्ष्य वर्ष में जारी किए जाने वाले ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र = {(आधार वर्ष में विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत – (आधार वर्ष के विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत – दूसरे वर्ष के बाद समायोजित विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत)] – लक्ष्य वर्ष में प्राप्त की गई विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत} x आधार वर्ष में उत्पादन

(vi) चक्र में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों की कुल संख्या = 1 वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र + 2 वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र + लक्ष्य वर्ष में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र ।

12. ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करने के लिए प्रक्रिया :- (1) केंद्रीय सरकार, नियम 10 के अधीन, ब्यूरो से सिफारिश प्राप्त होने पर, इस संबंध में अपना समाधान हो जाने पर, ब्यूरो से सिफारिश प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह कार्य दिवसों के भीतर, संबंधित अभिहित उपभोक्ता को अपेक्षित मूल्य के ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी करेगी।

(2) ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र इलैक्ट्रानिक प्ररूप में जारी हों।

(3) एक ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र का मूल्य, उपभोग की गई ऊर्जा के समकक्ष एक मीटरी टन तेल के समतुल्य होगा।

(4) अभिहित उपभोक्ता, जिसे ऊर्जा बचत प्रमाण जारी किया गया है, विद्युत-विनिमय माध्यम से उनकी बिक्री कर सकेगा।

(5) अभिहित उपभोक्ता, जिसे वर्तमान चक्र के दौरान, ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं, का उपयोग अगले अनुपालन चक्र तक बैंककारी-प्रयोजन के लिए उसे उपयोग कर सकेगा।

(6) एक अवधि चक्र में जारी किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र अगले चक्र की अनुपालन अवधि पूरी होने तक विधिमान्य होंगे।

(7) ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन के प्रयोजन के लिए किसी अभिहित उपभोक्ता द्वारा क्रय किए गए ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र, उनके द्वारा ब्यूरो को प्रस्तुत करने के पश्चात समाप्त हो जाएंगे।

13. ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों का अनुपालन – (1) लक्ष्य वर्ष के दौरान ऊर्जा सन्नियमों और मानकों का अनुपालन प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए अभिहित उपभोक्ता, सुसंगत चक्र में, निम्नलिखित कार्रवाई करेगा और उक्त कार्रवाई पूर्ण करने के पश्चात, एक प्रति प्ररूप 'क' के प्रस्तुत करने की अन्तिम तारीख से पाँच मास के अंत तक प्ररूप 'घ' में ब्यूरो को अनुपालन की स्थिति सम्बन्धित राज्य अभिहित अभिकरण को भेजेगा:-

(क) ऊर्जा संरक्षण अथवा ऊर्जा दक्षता सुधार उपायों के क्रियान्वयन द्वारा ; अथवा

(ख) जब ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों का अनुपालन प्राप्त करने के लिए खंड (क) के रूप में क्रियान्वित उपाय अपर्याप्त पाए जाते हैं, अभिहित उपभोक्ता मीटरी टन तेल के समकक्ष रूप में आकलित ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों में कमी की पूरी संतुष्टि के समतुल्य ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र क्रय करेगा।

14. अगले चक्र के लिए नई आधार रेखा स्थापन–अभिहित उपभोक्ता द्वारा लक्ष्य वर्ष पूरा होने पर, प्ररूप 'घ' में अनुपालन रिपोर्ट में, यथा उल्लिखित प्राप्त किए गए ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों को अगले चक्र के लिए अभिहित उपभोक्ता के लिए नए संयंत्र विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों की स्थापना के लिए आधार रेखा होगी ;

15. **अभिहित उपभोक्ताओं की बाध्यताएं:-**

अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा –

(क) ऊर्जा खपत सन्नियमों और मानकों के अनुपालन उनके निष्पादन का निर्धारण करने के लिए, सत्यापन का कार्य प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षकों द्वारा किया जाएगा ;

(ख) सभी उपाय किए जाएंगें, जिसके अधीन प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा सिफारिश किए गए ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं का क्रियान्वयन और संबंधित औद्योगिक क्षेत्र में विद्यमान अथवा प्रयुक्त पद्धतियां सम्मिलित हैं, ताकि अपने संयंत्र में ऊर्जा का अधिकतम उपयोग को प्राप्त करें।

(ग) विस्तृत और पूर्ण आंकड़े भेजेगा, सत्यापन और जांच-सत्यापन का कार्य करने के प्रयोजन के लिए प्रत्यायित ऊर्जा लेखा संपरीक्षक द्वारा अपेक्षित आवश्यक दस्तावेज़ और अन्य सुविधाएं प्रदान करेगा।

16. **ऊर्जा के मूल्य की मूल्य का विनिर्देश** :- (1) खपत की गई ऊर्जा के समतुल्य प्रति मीटरी टन तेल का मूल्य, निम्नलिखित सूत्र को लगाकर अवधारित किया जाएगा, अर्थात:-

पी = डब्ल्यूसी x पीसी + डब्ल्यूओ x पीओ + डब्ल्यूजी x पीजी + डब्ल्यूई x पीई

जहां –

पी = तेल के समतुल्य एक मीटरी टन की कीमत (1 toe) :

पीसी = सुपुर्द कोयले की औसत कीमत;

पीओ = भारतीय तेल निगम लिमिटेड द्वारा यथा घोषित ईंधन तेल की कीमत ;

पीजी = गैस अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा यथा घोषित गैस की कीमत ;

पीई = संबंधित राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा यथा विनिर्दिष्ट छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों में, औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक यूनिट बिजली की औसत कीमत;

सभी कीमतें, वर्ष जिसके लिए ऊर्जा का मूल्य विनिर्दिष्ट किया जा रहा है, के पहली अप्रैल के दिन की होंगी।

कोयला का भार (डब्ल्यूसी) =

आधार रेखा वर्ष में सभी अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा की गई खपत किए गए कोयला की मात्रा (toe में)

आधार रेखा वर्ष में सभी अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा की गई ऊर्जा खपत (toe में)

तेल का भार (डब्ल्यूओ) =

आधार रेखा वर्ष में सभी अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा खपत की गई तेल की मात्रा (toe में)

आधार रेखा वर्ष में सभी अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा की गई कुल ऊर्जा खपत (toe में) :

गैस का भार (डब्ल्यूजी) =

आधार रेखा वर्ष में सभी अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा खपत की गई गैस की मात्रा (toe में)

आधार रेखा वर्ष में सभी अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा की गई कुल ऊर्जा खपत (toe में) :

विद्युत का भार (डब्ल्यूई) =

आधार रेखा वर्ष में सभी अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा खपत की गई विद्युत की मात्रा (toe में)

आधार रेखा वर्ष में सभी अभिहित उपभोक्ताओं द्वारा की गई कुल ऊर्जा खपत (toe में) ;

(2) वर्ष 2011-12 के लिए इस नियम के प्रयोजन के लिए खपत की गई ऊर्जा के समतुल्य तेल का मूल्य 10,154 रुपये प्रति मीटरी टन होगा।

(3) उप नियम (2) के प्रयोजन के लिए, खपत की गई ऊर्जा के समतुल्य तेल के मूल्य प्रति मीटरी टन की प्रतिवर्ष समीक्षा की जाएगी।

